rajasthanpatrika.com
राजस्थान पत्रिका . जयपुर . गुरुवार . 10.08.2017

स्वच्छता पखवाड़ा...

# कुम्हार बस्ती में की साफ-सफाई

शाहपुरा. कस्बे के बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत छात्राओं ने बुधवार को गोद ली गई बस्ती में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। छात्राओ ने बस्ती के लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया और अच्छे स्वास्थ्य के लिए साफ सफाई रखने की सलाह दी। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में 1 अगस्त से शुरू हुआ स्वच्छता पखवाड़ा 15 अगस्त तक चलेगा। बुधवार को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं व अन्य छात्राओं ने डॉ. संध्या भटनागर एवं डॉ. पुष्पा अग्रवाल के निर्देशन में गोद ली कुम्हार बस्ती में जाकर स्वच्छता अभियान चलाया।

छात्राओं ने यहां सड़कों व गली मोहल्लों में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की और कचरे को वाहन में डालकर दूर फिंकवाया। इसके बाद बस्ती के निवासियों को एकत्र कर स्वच्छता का महत्व बताया गया। छात्राओं ने स्वयं सफाई कर बस्ती के लोगों को अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने और अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। अभियान के तहत छात्राओं ने एक दिन महाविद्यालय परिसर में भी श्रमदान कर साफ सफाई की। महाविद्यालय प्राचार्य एवं उपप्राचार्य ने स्वच्छता कार्यक्रम का अवलोकन किया। इससे पहले राष्ट्रीय सेवा योजना की 65 स्वंयसेविकाओं को जयपुर स्थित सीतापुरा में भ्रमण के लिए भी ले जाया गया। सीतापुरा में आयोजित एजुकेशन फेस्टिवल में छात्राओं ने आधुनिक युग में कार्य क रने योग्य शिक्षा के विभिन्न संसाधनों को देखा।(का.सं.)



शाहपुरा के महिला महाविद्यालय की छात्राएं गोद ली गई बस्ती में सफाई करते हुए।

# CLEANLINESS DRIVE IN COMMUNITY

दैनिक भास्कर

जयपुर, मंगलवार 15 अगस्त, 2017 | 5

# रैली के माध्यम से शाहपुरा वासियों को स्वच्छ रहने का दिया संदेश

**शाहपुरा|** शहर के बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत सोमवार को स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। रैली को प्राचार्य डॉ.अनामिका सिंह, उपाचार्य डॉ.अलका कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने लोगों को स्वच्छ रहने का संदेश दिया। कुम्हारों की बस्ती में स्वच्छता के संबंध में नारे भी लगाए गए। प्रभारी डॉ.संध्या भटनागर, डॉ.पुष्पा अग्रवाल ने कहा कि जीवन में स्वच्छता का बड़ा महत्व है। हर व्यक्ति को स्वच्छ रहना चाहिए।

AWARENESS RALLY ON CLEANLINESS

rajasthanpatrika.com
राजस्थान पत्रिका . जयपुर . गुरुवार . 03.08.2017

स्वच्छता पखवाड़ा...

# छात्राओं ने श्रमदान से दिया स्वच्छता का संदेश

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com



शाहपुरा. महिला महाविद्यालय परिसर में श्रमदान करती छात्राएं।

**शाहपुरा.** कस्बे के बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम का एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान छात्राओं को स्वच्छता रखने और लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई। छात्राओं ने कॉलेज परिसर में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि एक अगस्त से प्रारम्भ स्वच्छता पखवाड़े के तहत महिला महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राचार्य डॉ. अनामिका सिंह व उपाचार्य डॉ. अलका कुमार ने छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। प्राचार्य ने छात्राओं को स्वच्छ रहने और आसपास के लोगों को भी सफाई के लिए जागरूक करने, महाविद्यालय को परिवार समझकर स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। भूगोल व्याख्याता विक्रम भिण्डा ने छात्राओं को जल स्वालम्बन का महत्व बताया और बारिश के जल का संग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्राचीन समय में प्रचलित टांका, जोहड़ और बावड़ी का महत्व बताया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. संध्या भटनागर ने छात्राओं को जल संचयन के तरीके बताए। डॉ. संध्या भटनागर एवं डॉ. पुष्पा अग्रवाल के नेतृत्व में छात्राओं ने महाविद्यालय में श्रमदान किया। (का.सं.)

**कोटपूतली @ पत्रिका.** राजकीय कन्या महाविद्यालय में वन महोत्सव के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना, रेंजर छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टाफ ने 70 पौधे लगाए। मुख्य वक्ता पूर्व प्राचार्य डॉ.वासुदेव गुप्ता ने कहा कि प्याऊ एवं जल सेवा वाले देश में प्लास्टिक की बोतलों में पानी बेचने का चलन समाप्त करने का दायित्व युवा पीढ़ी पर है। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों का वर्षा जल से पुनर्भरण करना सभी का दायित्व है। उपप्राचार्य विदुषी राघव ने प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के तहत छात्राओं के लिए सुलभ शैक्षणिक ऋण सुविधा की जानकारी दी। रुक्टा की राष्ट्रीय प्रतिनिधि डॉ. संगीता सिन्हा ने कहा कि प्लास्टिक पदार्थ एवं पॉलीथिन थैलियों का स्वतः विघटन नहीं होने से मिट्टी व जल को प्रदूषित करती हैं। वासुदेव गुप्ता ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। संचालन डॉ. रेणु सिंह ने किया। राजकीय

स्नातकोत्तर महाविद्यालय में
सेवा योजना की चारो इकाई
तत्वावधान में स्वच्छता पख
मनाया गया। प्राचार्य डॉ. ओपी
ने छात्रों को स्वच्छ रखने की
दिलाई। उपाचार्य एसडी मी
स्वच्छता का महत्व बता
श्रमदान करने को कहा। डॉ
शर्मा ने सामुदायिक स्वच्छ
मिशन बताते हुए प्रधानमं
योजना को सफल बनाने
कही। इस मौके पर डॉ.
चौधरी, मनोज सैनी, अशोक
डॉ.संगीता रैंतेला, एमडी मे
ओपी गौड़ उपस्थित रहे। (

SAVE AND PRESERVE ENVIRONMENT



CLEANLINESS DRIVE




# AWARENESS PROGRAM




AWARENESS RALLY



PLANTATION DRIVE




CLEANLINESS DRIVE AT TRAUMA CENTER


CALL
108
EMERGENCY
से 15 .08.2016 तक
महाविद्यालय

सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

# कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, उच्च शिक्षा विभाग, जयपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME

## राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार (2018–19)

### प्रशस्ति–पत्र



कॉलेज शिक्षा, राजस्थान के अन्तर्गत संचालित राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सत्र 2018–19 में **कार्यक्रम अधिकारी** के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में **डॉ.. रोजी शाह**, बी.जी.डी.. कन्या महाविद्यालय, शाहपुरा, जयपुर (राज.) को यह प्रशस्ति–पत्र प्रदान किया जाता है। हम आशा करते है कि आपके द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में भविष्य में भी नवीन प्रतिमान स्थापित किए जाएंगे।

(संदेश नायक)<br>
आयुक्त<br>
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर





BEST NSS OFFICER AWARD TO DR. ROSY SHAH